दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। गुरुवार 29 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 159 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# पाकिस्तान से सटे बॉर्डर इलाकों में आज फिर बड़ी मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार शाम को मॉक ड्रिल होगी। ये मॉक ड्रिल गुजरात, पंजाब, राजस्थान और जम्मू कश्मीर में होगी। इस दौरान लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी जाएगी।

सरकार ने 4 राज्यों- जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है। इन 4 राज्यों की सीमा ही पाकिस्तान से लगती है। भारत और पाकिस्तान के बीच 3,300 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा है। जम्मू-कश्मीर से लगने वाली सीमा को नियंत्रण रेखा यानी छङ्खउ कहा जाता है। जबकि, पंजाब, राजस्थान और गुजरात से लगनी वाली सीमा अंतर्राष्ट्रीय सीमा कहलाती है।



इससे पहले भी केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल करने का ऐलान किया था। लेकिन 6-7 मई की रात भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला किया था, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए थे। लेकिन पाकिस्तान के 12 और आतंकी ठिकानों की लिस्ट तैयार है। पीओके से लेकर पाकिस्तान के अंदर तक आतंक की जड़ों को खत्म करने का ऑपरेशन चल रहा है।

**पाक में 9 आतंकी ठिकाने तबाह, अब 12 ठिकानों पर नजर :** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान खौफजदा है। पूरा मुल्क दहशत से भर गया है। इस बीच पाकिस्तान को ऑपरेशन सिदूर की तरह एक और ऑपरेशन का डर सताए जा रहा है। भारत ने अभी सिर्फ नौ आतंकी अड्डों पर एयरस्ट्राइक किया है। ऐसे में पाकिस्तान में मौजूद 12 और आतंकी कैंपों को टारगेट किया जा सकता है। इससे पहले भारत ने साफ कर दिया था कि आतंकवाद की बची-खुची जमीन को भी खत्म किया जाएगा। इसके लिए भारत की तैयारी पूरी है। भारत के सीमावर्ती इलाकों में एयर डिफेंस सिस्टम अलर्ट पर है। पाकिस्तान की बौखलाहट और एलओसी पर उसकी फायरिंग को देखते सेना ने कश्मीर के 10 जिलों में कंट्रोल सेंटर बनाए हैं।

बता दें कि आतंक की कमर तोड़ने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना के संयुक्त ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पीओके के जिन नौ आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की गई थी, उनमें बहावलपुर, मुरीदके, गुलपुर, भिंबर, चाक अमरू, बाग, कोटली, सियालकोट और मुजफ्फराबाद है। बहावलपुर में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया गया था।

**क्या था ऑपरेशन सिंदूर? :** 22 अप्रैल को हुए पहलगाम अटैक का बदला लेने के लिए भारत ने 6-7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। करीब 25 मिनट तक चले इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और ढङ्क' में बने 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिद्दीन के ठिकानों को उड़ा दिया था।

# जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जनता के वोट से कराने की तैयारी

## शासन ने शुरू कर दी है इस दिशा में बड़ी तैयारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला पंचायत को जिला सरकार बोला जाता है और देहात की राजनीति में ग्राम प्रधान का पद भी बड़ा होता है। ग्राम पंचायत को लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी माना जाता है। ग्राम प्रधान को गांव के लोग चुनते हैं। इसके बाद बीडीसी चुने जाते हैं, ग्राम पंचायत सदस्य चुने जाते हैं और जिला पंचायत सदस्य भी चुने जाते हैं। इन सबसे मिलकर जिला सरकार बनती है और जिला पंचायत अध्यक्ष को जिला पंचायत सदस्य चुनते हैं। सब जानते हैं कि जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में एक-एक वोट की कीमत क्या होती है और ये भी होता है कि जिस जिला पंचायत सदस्य को किसी एक दल विशेष के मतदाताओं ने वोट दिया होता है वो जिला पंचायत सदस्य जीतने के बाद अपना वोट दूसरे दल के जिला पंचायत अध्यक्ष को दे देता है। इसका कारण क्या है सबको पता है।




सूत्र बताते हैं कि सरकार अब इस प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने जा रही है। वो जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में वोट वाला रिमोट जनता के हाथ में देने जा रही है। सूत्र बता रहे हैं कि शासन स्तर पर इसकी तैयारी शुरू हो गई है। अब जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जनता के वोट से कराने की भूमिका पर काम शुरू हो गया है। बताया जाता है कि सरकार की ये मंशा है कि देहात की जनता का सबसे बड़ा प्रतिनिधि देहात की वोट से चुना जाए। जिस तरह से ग्राम प्रधान का चुनाव जनता के द्वारा होता है ठीक वैसे ही जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव भी जनता के वोट से होगा।

### ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी होगा जनता के वोट से

करंट क्राइम। केवल जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव ही जनता के वोट से नहीं होगा बल्कि अब ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी जनता के वोट से होगा। ये एक बड़ा बदलाव है। ब्लॉक प्रमुख को भी जनता चुनेगी।

### गाजियाबाद में 15 अप्रैल 2026 तक होगा चुनाव

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद में जिला पंचायत का चुनाव 15 अप्रैल 2026 के आसपास हो जाएगा। इसके लिये मतदान होगा। बताया जा रहा है कि यूपी में 26 अप्रैल तक जिला पंचायत का चुनाव हो जाएगा और गाजियाबाद में 15 अप्रैल 2026 तक चुनाव होगा। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद जिला पंचायत का चुनाव इस बार प्रथम चरण में होगा।

### घट जाएंगी गाजियाबाद में जिला पंचायत की दो सीटें

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2026 में जब जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होगा तो यहां जिला पंचायत की दो सीटें घट जाएंगी। अभी गाजियाबाद में जिला पंचायत सदस्य के लिये 14 सीटों पर चुनाव होता है, लेकिन इस बार दो सीटें घट जाएंगी और जिला पंचायत की 12 सीटें रह जाएंगी। इसकी वजह ये बताई जा रही है कि कई गांवों का शहरीकरण हो गया है। कई गांव ऐसे हैं जो नगर निगम और नगर पालिका के क्षेत्र में आ गए हैं। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद से जो दो जिला पंचायत सदस्य वाली सीटें घटेंगी उनमें लोनी और मोदीनगर से ये बदलाव देखने को मिलेगा। लोनी और मोदीनगर से जिला पंचायत की दो सीटें घट जाएंगी।

### सरकार के मंत्री चाहते हैं एक्ट में संशोधन

करंट क्राइम। जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव अब जनता करेगी। ये चुनाव 2026 में होना है। सूत्र बताते हैं कि पंचायत के विभागीय मंत्री गांव की सरकार में फेरबदल चाहते हैं। वो जिला सरकार में सीधे-सीधे जनता का दखल चाहते हैं। सूत्र बताते हैं कि उन्होंने पंचायत राज एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। संशोधन का ये प्रस्ताव पास होते ही एक बड़ा बदलाव आ जाएगा।

### ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर पांच जुलाई तक शासन ने मांगे प्रस्ताव

करंट क्राइम। जिला पंचायत चुनाव की हलचल शुरू हो गई है। 2026 में चुनाव शुरू होने हैं। सूत्र बताते हैं कि शासन ने ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर पांच जुलाई तक प्रस्ताव मांगे हैं। इन प्रस्तावों में परिसीमन, वोटर लिस्ट का रिवीजन और आरक्षण संबंधी सभी जानकारियां मांगी गई हैं।

### लोकसभा से बड़ा होगा जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव

करंट क्राइम। जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में एक-एक वोट की कीमत होती है और सब जानते हैं कि जिला पंचायत अध्यक्ष वाले इलेक्शन में वोट और नोट का क्या कनेक्शन है, लेकिन अब अगर सरकार का प्रस्ताव लागू हुआ और जनता के हाथ में रिमोट आ गया तो एक बड़ा परिवर्तन होगा। चुनाव के बाद जो जिला पंचायत सदस्य गोवा से लेकर जिम कार्बेट तक मिलते थे, वो अपने-अपने घर पर मिलेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष वाले उम्मीदवार गांव-गांव द्वार-द्वार जनता के दर पर मिलेंगे और खास बात ये है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव का ये प्रारूप और स्वरूप लोकसभा से बड़ा होगा। इसमें देहात के मतदाताओं की एक बड़ी संख्या होगी।

# अपनों से जुदा हो चुके लोगों की तलाश शुरू करेगी कमिश्नरेट पुलिस
# तीनों जोन से जुटाया जा रहा है गुमशुदा हुए लोगों का रिकॉर्ड

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन के सभी थानों की पुलिस को बीते दो साल में उनके थानाक्षेत्र से गुमशुदा हुए लोगों के बारे में पूरी जानकारी और टेबल तैयार करने का निर्देश दिया गया है।



बताया जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट से बीते दो सालों में गुमशुदा हुए लोगों की पूरी रिपोर्ट मांगी गई है। इसमें सभी थानों को गुमशुदा हुए लोगों की पूरी जानकारी थानाक्षेत्र का नाम, मौजूदा स्थिति और पुलिस द्वारा किए गए प्रयासों का विवरण प्रस्तुत करना है। पुलिस के विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से गुमशुदा हुए लोगों की संख्या लगभग 1400 से अधिक हो सकती है। कहा जा रहा है कि इसमें अब तक सिटी जोन के अंतर्गत लगभग 200 का आंकड़ा है। तो वहीं 750 के आसपास लोग देहात जोन और 400 से अधिक लोग ट्रांस हिंडन जोन के गुमशुदा शामिल हो सकते हैं।

### क्या फिर ऑपरेशन स्माइल जैसा अभियान शुरू करेगी पुलिस

करंट क्राइम : सवाल उठ रहा है कि क्या लखनऊ से गुमशुदा लोगों की जो डिटेल मांगी जा रही है, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा ऑपरेशन इस्माइल की तर्ज पर कोई बड़ा अभियान तो नहीं शुरू किया जाना है। दरअसल गाजियाबाद पुलिस सालों पहले भी ऑपरेशन स्माइल नाम का अभियान चला चुकी है। जिसमें बड़ी संख्या में गुमशुदा हुए बच्चों और उनके परिवार वालों से मिलवाने का काम किया गया था। इस अभियान को यूपी पुलिस के निर्देश पर कई राज्यों में चलाया गया था। साथ ही इसके नोडल अधिकारी रहे रणविजय सिंह से ऑपरेशन स्माइल की बारीकिंया सीखने के लिए विदेश तक से भी पुलिस की टीमें आई थीं। साथ ही इस पूरे ऑपरेशन के प्रमुख आईपीएस अधिकारी धर्मेंद्र यादव को राजनाथ सिंह द्वारा इस विशेष अभियान के लिए बाद में सम्मानित भी किया गया था। सूत्रों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि एक बार फिर से पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बहतर पुलिसिंग और ह्यूमन वेलफेयर में इस अभियान को शुरू कर सकती है।







### तमाम बिछड़ों को मिल सकती है बड़ी राहत

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों से जो जानकारी मिली है कि गुमशुदा लोगों के बारे में पूरा परफॉर्मा तैयार करके रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। उसके अनुसार लग रहा है कि जल्द ही गाजियाबाद पुलिस खोए हुए लोगों को दोबारा से खोजने की नई मुहिम शुरू करेगी, अगर ऐसा होता है तो उन परिवारों और खोए हुए लोगों को बड़ी राहत भी मिल सकती है जो सालों से गुमनामी में जी रहे हैं। साथ ही जिन लोगों ने अपनों को खोया था अगर उनके खोए हुए अपने वापस मिलते हैं, तो उनके लिए भी यह राहत और सुखद अनुभूति होगी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का गुड़ वर्क और बेहतर कार्य-फेस नजर आएगा।

# हाई कोर्ट ने टैक्स याचिका पर स्टे ऑर्डर पारित करने से किया इनकार, 29 जुलाई को निगम को देना है जवाब

## विकास कार्यों का आधार हाउस टैक्स और स्टे ना मिलना करदाताओं की जीत : सीटीओ



Chief Justice's Court

Case :- PUBLIC INTEREST LITIGATION (PIL) No. - 1427 of 2025

Petitioner :- Rajendra Tyagi and 2 others
Respondent :- State of U.P. and 4 others
Counsel for Petitioner :- Samir Sharma (Sr. Advocate) with Himanshu Agrawal
Counsel for Respondent :- Shashi Nandan (Sr. Advocate) with Shreya Gupta, Raghuvansh Misra, Rajiv Singh (S.C.)

Hon'ble Arun Bhansali,Chief Justice
Hon'ble Kshitij Shailendra,J.

1. Supplementary affidavit has been filed, which is take on record.

2. Learned counsel appearing for respondent nos. 3, 4 & 5 prays for time to file short counter affidavit. Learned Standing Counsel appearing for respondent nos. 1 & 2 may also obtain instructions in the matter.

3. List the petition on 29.07.2025 as fresh.

Order Date :- 28.5.2025
Sandeep/SL

(Kshitij Shailendra, J) (Arun Bhansali, CJ)

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ नगर निगम के पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, हिमांशु मित्तल और अनिल स्वामी ने याचिका दाखिल की थी। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने कहा कि उच्च न्यायालय ने स्टे ऑर्डर नहीं पारित किये। कोर्ट ने स्टे से इनकार कर दिया और अब ढाई महीने बाद सुनवाई होगी। अब इस मामले में 29 जुलाई को नगर निगम को अपना जवाब दाखिल करना है।

हाउस टैक्स क्यों बढ़ाया गया है इसकी पूरी रिपोर्ट नगर निगम अदालत में उपलब्ध कराएगा। इसके लिये 30 दिन का समय दिया गया है। अब जब नगर निगम जवाब दाखिल करेगा तो कोर्ट के रुख का पता चलेगा। बहरहाल स्टे हटने के बाद अब हाउस टैक्स जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।




### मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने कहा- नगर निगम को सूक्ष्म काउंटर ऐफिडेविट दाखिल करने के निर्देश



गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मासिक किराया दर (मंथली रेंटल वैल्यू) निकालने के लिए प्रकाशित तथा लागू किए गए संपत्ति कर के विरुद्ध पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी तथा हिमांशु मित्तल व अन्य की जनहित याचिका 1427/ 2025 मे माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा स्थगन का आदेश पारित नहीं किया गया है, याची गणों को स्टे देने से इनकार किया गया तथा गाजियाबाद नगर निगम को सूक्ष्म प्रति शपथ पत्र दाखिल करने के आदेश दिए हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा द्वारा बताया गया कि जिन याची गणों द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में गाजियाबाद नगर निगम के हाउस टैक्स के विरुद्ध स्थगन के आदेश मांगे जा रहे थे उसको माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा स्टे देने से इनकार कर दिया गया है, स्थगन के आदेश पारित नहीं किए गए हैं इसके अलावा ढाई महीने बाद अगली सुनवाई होगी आदेश किया गया है गाजियाबाद नगर निगम को सूक्ष्म प्रति शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए हैं जिस पर कार्यवाही की जाएगी। माननीय उच्चतम न्यायालय का यह आदेश गाजियाबाद के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण आदेश है शहर के विकास कार्यों को बढ़ाने में लगा हुआ गाजियाबाद नगर निगम निरंतर कार्य कर रहा है हाउस टैक्स जिसका सबसे बड़ा आधार है, वहीं शहर को भ्रमित करने वालों को शहर हित में विचार करना बहुत जरूरी है। गाजियाबाद नगर निगम शहर वासियों के लिए कई करोड़ के विकास के प्रोजेक्ट ला रहा है जिसमें जागरूक करदाता नियमावली के क्रम में हाउस टैक्स जमा भी कर रहे हैं जो की सराहनीय है। गाजियाबाद नगर निगम के विरुद्ध याचिका दायर करने वालों को स्टे नहीं मिलना शहर के विकास की जीत है जिसमें हर जागरूक कर दाता का सहयोग निगम को मिल रहा है महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर के विकास पर कार्य कर रहा है जिसमें माननीय पार्षदों की भी अहम भूमिका बनी हुई है।

### हाईकोर्ट ने जनहित में की है याचिका स्वीकार, निगम कर रहा है जनता को गुमराह : राजेंद्र त्यागी

**करंट क्राइम।** हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने निगम अधिकारियों के इस बयान को गलत बताया कि कोर्ट ने स्टे देने से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि पूरी स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। हाईकोर्ट ने हमारी जनहित याचिका स्वीकार की है और नगर निगम गाजियाबाद को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया है। हाईकोर्ट में केविएट दाखिल की गई थी, जिसमें ये कहा गया है था कि हमारा पक्ष भी अदालत सुने। चूंकि जून महीने में अदालतों में अवकाश रहता है, इसलिये अदालत में इस मामले में 29 जुलाई की तारीख लगाई है। अभी मामला कोर्ट में विचाराधीन है और जिस मामले में निगम को अपना पक्ष रखना है उसे निगम अधिकारी करदाताओं की जीत कैसे बता रहे हैं।





# सपा प्रदेश सचिव विनोद सविता का अभिषेक गर्ग ने किया स्वागत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गाजियाबाद सदर सीट के प्रभारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विनोद सविता बुधवार को सपा नेता अभिषेक गर्ग के कार्यालय पर पहुंचे इस दौरान अभिषेक गर्ग द्वारा विनोद सविता का जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की ओर से आगे की रणनीति बनाने पर चर्चा की गई। जहां पर सपा नेता अभिषेक गर्ग का कहना है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को मजबूती प्रदान करने का अभियान चला रहे हैं। इसके लिए अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश सचिव विनोद सविता ने कहा है कि अभिषेक गर्ग से मुलाकात के दौरान कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई है। इस मौके पर डॉ मुकेश त्यागी, राजेंद्र यादव, जावेद खान, सचिन चावला, पुलकित, आलोक मित्तल, सोनी भैया, सुर्या पंडित, कृष्णा पंडित ,संदीप शर्मा, सतीश पार्चा,जगमोहन टांक, शक्ति पार्चा ,राजेश बाल्मीकि, नरेश चरण, राहुल, कृपाल सिंह, ललित दास, सोहनलाल, गगन शरण, बाबू अनिल, मनोज कपूर, वकील साहब , मुस्तफा आदि प्रमुख लोग शामिल रहे।

# पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत भाजपा महानगर गाज़ियाबाद द्वारा एचएलएम कॉलेज, दिल्ली-मेरठ रोड पर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल एवं मुख्य आयोजक मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी उपस्थित रहे।

सम्मेलन में पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा व आशा शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, चेयरमैन राजन चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अरविंद भारतीय, अमर दत्त शर्मा, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी व राहुल चौधरी डैनी, महामंत्री सुशील गौतम सहित अनेक गणमान्य मंच एवं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



सैकड़ों पंचायत प्रतिनिधियों , निगम एवं नगरपालिका प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाई और स्थानीय शासन में सक्रिय सहयोग व जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल, विधायक अजीत पाल त्यागी ने पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख, बीडीसी, पदाधिकारी एवं



## प्रभु स्मरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सहसंयोजक योगेश त्रिपाठी ने अपनी माताजी स्वर्गीय मालती त्रिपाठी की स्मृति में सुकदेव आश्रम शुक्रतीर्थ स्थल पर श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया। इस अवसर पर योगेश त्रिपाठी के पिताजी सुरेश चंद्र त्रिपाठी परीक्षित बने।

## निशुल्क हेल्थ कैंप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व महिला स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सर्वोदय अस्पताल में महिलाओं के लिए निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं के लिए फ्री ब्लड टेस्ट के साथ–साथ महिलाओं को फ्री न्यूट्रिशन किट भी दी गई। इस कैंप में महिलाओं को हाइजीन की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सर्वोदय अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर अशोक मलिक, सीएमओ डॉक्टर नीरज गर्ग, डॉ अतुल कपिल,नर्सिंग इंचार्ज विनी,डॉक्टर विदुषी पाठक,सिस्टर स्नेहा ,लेखा ,दुर्गा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# शहर विधायक संजीव शर्मा ने बद्रीनाथ धाम में चौथे दिन मनाया भगवान कृष्ण जन्मोत्सव

## कथा व्यास अभिषेक भाई ने कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग का श्रवण करा भक्तों को मोहित किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा व उनकी पत्नी ऋतु शर्मा एवं आशीष और रूबी अग्रवाल द्वारा शिव बद्रिका धाम बद्रीनाथ में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। 25 मई से प्रारंभ हुई भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को कृष्ण जन्मोत्सव हुआ तो बद्रीनाथ धाम भगवान कृष्ण के जयकार से गूंज उठा।

कथा व्यास अभिषेक भाई बालाजी धाम आश्रम आगरा ने कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया तो हर कोई भाव विभोर हो गया। कथा व्यास अभिषेक भाई ने कहा कि भगवान कृष्ण ने धर्म और न्याय की रक्षा के लिए अवतार लिया। उनकी हर बाल लीला युगों युगों तक सभी को मोहित करती रहेगी और जीवन रूपी भव सागर से पार उतारती रहेगी। उन्होंने भजनों से भगवान के जनम की बधाई दी जिन पर भक्त घंटों झूमते रहे। विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि बद्रीनाथ धाम में आयोजित भागवत कथा में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के प्रसंग का श्रवण कर जीवन सफल हो गया। यह भगवान की उन पर असीम कृपा है कि जो उन्हें ऐसा सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ेगी महिला कांग्रेस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एडवोकेट खुशनुमा परवीन ने की राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा से मुलाकात कर किया धन्यवाद। राष्ट्रीय कार्यालय इंदिरा भवन पर नवनियुक्त अध्यक्ष महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट खुशनुमा परवीन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा से मुलाकात कर आभार व धन्यवाद किया।

अलका लांबा ने एडवोकेट खुशनुमा को सूत की माला पहनाकर सम्मान किया। अलका लांबा ने कहा कि जल्द अपनी कमेटी बना कर गाजियाबाद में महिलाओं के हक की लड़ाई लड़े। अलका लांबा ने कहा कि इस सरकार में सबसे ज्यादा शोषण महिलाओं का हो रहा है। एडवोकेट खुशनुमा ने अलका लांबा को भरोसा दिलाया कि वे और उनकी टीम महानगर गाजियाबाद में महिला कांग्रेस को मजबूत करेगी।

## नोएडा में चार नए कोरोना के मरीजों की पुष्टि

### सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 19 पहुंची, सभी का होम आइसोलेशन में इलाज जारी

**नोएडा (करंट क्राइम)।** बुधवार को कोरोना संक्रमित चार नए मरीजों की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की। सभी मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। इससे पहले मंगलवार को 5 सोमवार को 9 मरीजों में कोरोना की पुष्टि की गई थी। वहीं शनिवार को एक महिला में कोरोना की पुष्टि की गई थी। कुल मिलाकर नोएडा में 19 सक्रिय मामले सामने आए है। बीमारी की पुष्टि के सात दिन बाद इनकी दोबारा जांच की जाएगी। इसमें 11 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल है।

# सावधान ! कोरोना ले रहा है रौद्र रूप

## देश भर में कोविड के 1200 केस, अब तक 12 मौतें

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं।

इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है।




इसके अलावा, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। कुल मृतक की संख्या 12 पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री मोदी के 29-30 मई को यूपी-बिहार दौरे के मद्देनजर राज्य का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट है। निर्देश दिया गया है कि पीएम के 100 मीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों की कोरोना जांच होगी।

**केरल–राजस्थान में 2–2 मौतें :** जयपुर में 26 मई को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी।

वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई ( रविवार ) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई। उसका 22 मई से इलाज चल रहा था।

इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि बुजुर्ग की मौत मल्टी ऑर्गन फेल्योर की वजह से हुई थी। 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है।

# पीएम के बिहार दौरे से पहले फूटा कोरोना बम

## एम्स पटना में महिला डॉक्टर समेत 7 पॉजिटिव




**पटना।** देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या एक बार फिर बढ़ने लगी है। इसी बीच बिहार में भी 7 लोगों की कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इस संबंध में एक न्यूज एजेंसी ने स्वास्थ्य विभाग के हवाले से बताया कि एम्स पटना के एक डॉक्टर- नर्स समेत 7 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल सभी मरीजों को आइसोलेशन में रखा गया है। वहीं, इनसे संपर्क में आए अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।

भारत में पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के 752 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही देश में कुल मामलों की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली ऐसे राज्य हैं, जहां पिछले एक सप्ताह में सबसे अधिक नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे मास्क और सेनिटाइजर का इस्तेमाल करें और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। जल्द ही जिला अस्पताल में एंटीजन टेस्टिंग के लिए कैंप लगाया जाएगा और मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लैब भेजे जाएंगे।

डिप्टी सीएमओ डॉ। टिकम सिंह ने बताया कि यहां कुल 19 एक्टिव कोविड के केस हैं। कुल संक्रमितों में 11 महिला और 8 पुरुष हैं। सभी को माइल्ड लक्षण यानी सामान्य जुकाम है।

### नोएडा में फैलने लगा कोरोना, 11 महिलाएं कोविड संक्रमित

यूपी के नोएडा में भी कोरोना संक्रमित मरीजों संख्या बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मौजूदा समय में नोएडा में कोरोना के 19 एक्टिव केस हैं। जिसमें 11 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग सभी मरीजों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और ट्रैवल हिस्ट्री खंगालने में जुटा हुआ है। सभी मरीजों में माइल्ड लक्षण ही देखने को मिले हैं और अभी तक जिले में कोई गंभीर केस सामने नहीं आया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...







# नाहल गांव को पुलिस ने बनाया छावनी

## कई घरों में पुलिस टीमों ने दी दबिश, अब तक 42 लोगों को भेजा गया शांति भंग में जेल



### गांव के बाजार हुए बंद

### गांव के दर्जनों मकानों पर ताले डालकर लोग हुए फरार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात जोन स्थित मसूरी थानाक्षेत्र के नाहल गांव में गौतमबुद्ध नगर पुलिस के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले के बाद से यहां की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। नाहल गांव में बीते तीन दिनों से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। तो वहीं मंगलवार को यूपी एटीएस की टीम ने कई घंटे तक गांव के कई मकानों और इलाकों को खंगाने का काम किया था। इसके साथ ही नोएडा के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में मसूरी पुलिस अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। इसमें तीन लोगों की पुलिस से मुठभेड़ हुई, जिनके पैर में गोली लगी थी। तो वहीं मंगलवार और बुधवार को मिलाकर अब तक कुल 42 लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने की धाराओं में जेल भेजा जा चुका है। नाहल गांव का आलम यह है कि दर्जनों मकान में लोग ताले लगाकर गांव से फरार हो गए हैं। गांव के प्रमुख बाजारों और आसपास की दुकानें दिनभर बंद रहती हैं। इलाके की गलियों में या तो पुलिस के वाहन नजर आ रहे हैं या पीएसी के जवान डेरा डाल कर बैठे हुए हैं। शाम होने के बाद भी गांव में पुलिस की गश्त और मौजूदगी कम नहीं हो रही है। दरअसल बीते दिनों यहां गौतमबुद्ध नगर फेस-03 थाने की पुलिस गांव में रहने वाले गैंगस्टर कादिर और उसके साथियों को गिरफ्तार करने के लिए आई थी। इस दौरान आरोप है कि कादिर और उसके साथियों ने पुलिस टीम पर पथराव किया और बदमाशों की गोली लगने से सौरभ नाम के सिपाही की मौत हो गई थी। इसके बाद से इस पूरे गांव को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया हुआ है।

### यह है पूरा मामला

करंट क्राइम : रविवार रात 11.40 बजे नोएडा पुलिस की टीम हिस्ट्रीशीटर कादिर को पकड़ने पहुंची थी। जहां सादा कपड़ों में तैनात पुलिस ने कादिर को पकड़ लिया। कादिर को पकड़कर ले जा रही थी, तभी उसके भाई व साथियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवालों ने गाड़ी रोकी और भागकर जान बचाई। इस मामले में सौरभ की गोली लगने से मौत हुई थी। मौका मिलते ही हिस्ट्रीशीटर कादिर (24) भाग गया। फिर उसने साथियों के साथ मिलकर पुलिस पर गोलियां बरसा दीं। दरअसल, इनमें 3 दरोगा और 4 सिपाहियों की हत्या करने की साजिश थी। बाद में कादिर को अरेस्ट किया गया। जहां सोमवार शाम कादिर उर्फ मंटा को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



"नाहल गांव में लगातार पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। अबतक कुल 14 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अब तक 42 लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में कार्रवाई में शामिल किया गया है। लगातार पुलिस इस पूरे मामले में इनपुट जुटाने का काम कर रही है। वहीं हत्या और पथराव के मामले में कई अन्य अज्ञात की तलाश अभी भी जारी है।

सुरेंद्रनाथ तिवारी, डीसीपी ग्रामीण जोन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद


### अब तक इन 14 बदमाशों को पुलिस ने किया है गिरफ्तार

करंट क्राइम : नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा मुख्य आरोपी कादिर को गिरफ्तार किया जा चुका है। तो वहीं इसके साथ ही इस मामले में स्वॉट टीम देहात और मसूरी पुलिस द्वारा मुठभेड़ के बाद नन्हू, अब्दुल सलाम को गिरफ्तार किया गया है। तो वहीं लगातार दबिश देखकर मुशाहिद और अब्दुल खालिद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद अब्दुल रहमान व जावेद, मुरसलीन, इनाम, मेहताब, मेहराज, जावेद, हसीन, मुरसलीन को पकड़ा गया। एसीपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि इस मामले में पुलिस अब्या तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जो सिपाही सौरभ की हत्या और पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में वंचित थे और उनके नाम प्रकाश में आए थे।

### अभी कई दिनों तक जारी रहेगी दबिश

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि मसूरी के नाहल गांव में अभी स्थानीय पुलिस कई दिनों तक दबिश देने का काम करेगी। साथ ही पथराव करने और कादिर की अलग-अलग तरह से मदद करने वाले कई और नाम पुलिस द्वारा चिन्हित किए गए हैं। उनकी गिरफ्तारी और उनको जेल भेजने की कार्रवाई अभी शेष बताई जा रही है। इसके साथ ही उन लोगों का रिकॉर्ड भी तैयार किया जा रहा है, जो बीते कई सालों में नाहल गांव से अलग-अलग आपराधिक मामलों में जेल गए थे। इसके साथ ही कई ऐसे लोगों के नाम भी पुलिस के संज्ञान में आए हैं, जिनका नाहल में रहने वाले अपराधियों से संपर्क रहा है। उनका भी रिकॉर्ड जुटाने का काम पुलिस की टीम कर रही हैं।

### मकानों पर लटके हैं ताले और खाली हैं बाजार



करंट क्राइम : पीएसी की कंपनी ने नाहल गांव में डेरा डाल रखा है। तो वहीं आरोपी और गैंगस्टर कादिर के मकान के साथ ही उसके आसपास रहने वाले 50 से अधिक मकान के लोग अपने घरों को छोड़कर ताला डालकर फरार हो गए हैं। इसके साथ ही नाहल गांव का मुख्य बाजार बीते कई दिनों से बंद चल रहा है। वहीं मोहल्ले और गांव के अलग-अलग हिस्से की खुलने वाली दुकान भी बंद हैं। बुधवार दोपहर में मसूरी पुलिस ने यहां कई घरों में दबिश देने का काम किया तो वह या तो बंद मिले या खाली मिले। इसके साथ ही सादे कपड़ों में भी पुलिस के जवान आसपास के इलाके में निगरानी रखने का काम कर रहे हैं। गांव का आलम यह है कि दोपहर, सुबह और शाम के समय सन्नाटे का माहौल है और चारों तरफ वर्दीधारी ही नजर आ रहे हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जारी निर्माण कार्य की जल्द करेगी पीडब्ल्यूडी की टीमें जांच

## अंकुर विहार में एसीपी दफ्तर की छत गिरने के बाद अधिकारी आए हरकत में



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि कमिश्नरेट गाजियाबाद में आने वाले दिनों में चल रहे अलग-अलग पुलिस के निर्माण कार्यों की जांच होगी। जांच करने के लिए पीडब्ल्यूडी की टीमें आएगी। इसके लिए बाकायदा लैटर लिखा गया है।

बता दें कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात जोन के अंतर्गत आने वाले एसीपी अंकुर विहार के कार्यालय की छत गिर गई थी। छत के गिरने से ऑफिस में मौजूद उप निरीक्षक वीरेंद्र मिश्रा की दर्दनाक मौत हुई थी। उसके बाद यह मामला काफी तूल पकड़ गया था। साथ ही एसीपी कार्यालय के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और ठीक प्रकार के सामान इस्तेमाल न किए जाने का गंभीर आरोप भी लगा है। वहीं पुलिस के अधिकारियों ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करवाते हुए निर्माण करने वाले दो ठेकेदारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने निर्माण और गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए थे।

### लाइन से लेकर मुख्यालय तक के कार्यों की होगी जांच



**करंट क्राइम :** पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि पीडब्ल्यूडी को जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों द्वारा पत्र लिखा गया है। उसमें अलग-अलग स्थान पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच करने की मांग की गई है। इसके साथ ही पुलिस लाइन से लेकर पुलिस ऑफिस में बन रहे अलग-अलग कक्ष और भवन निर्माण कार्यों के सैंपल भी लिए जाएंगे ताकि वहां कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट तैयार की जा सके। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है यह सब बीते दिनों अंकुर विहार एसीपी कार्यालय की छत गिरने के बाद संज्ञान में लिया गया है। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम बने हुए लगभग पौने तीन साल का समय हुआ है। वहीं एसीपी अंकुर विहार के कार्यालय को बने अभी लगभग दो साल का समय बीता था और हादसा इतना दर्दनाक था कि उसपर कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

# एसीपी कवि नगर बने भास्कर वर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन के कवि नगर सर्किल के नए एसीपी भास्कर वर्मा बनाए गए हैं। बीते दिनों स्वतंत्र सिंह का गौतम बुद्ध नगर ट्रांसफर हो गया था और वह इन दिनों छुट्टी पर चल रहे हैं। मंगलवार की रात पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने बेहतर कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के चलते भास्कर वर्मा को एसीपी कवि नगर की नई जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि भास्कर वर्मा इससे पहले एसीपी अंकुर विहार और साहिबाबाद में लंबी पारी खेल चुके हैं। वह क्राइम कंट्रोल और बेहतर पुलिसिंग के लिए पहचान रखते हैं।

## कांगो में सफल रही यात्रा : अतुल गर्ग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत के सांसद प्रतिनिधि मंडल ने कांगो में अपनी यात्रा का समापन किया। इसके उपरांत प्रतिनिधि मंडल ने सियरा लियोन के लिए प्रस्थान किया। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि कांगो में हमारी यात्रा सफल रही और उन्होंने भारत के आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का पूर्ण समर्थन किया ' आतंकवाद के खात्मे के लिए हर कदम पर भारत का साथ देने का निर्णय लिया।

# कैलाश मानसरोवर की व्यवस्था हो दुरुस्त, प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने किया निरीक्षण

## 11 जून से 26 अगस्त 2025 तक आयोजित होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन का कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होने से पहले निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। दरअसल कैलाश मानसरोवर यात्रा के उद्देश्य से इंदिरापुरम में कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन बनाया गया है। इसके मद्देनजर प्रमुख सचिव पर्यटन, सांस्कृतिक एवं धर्मार्थ मुकेश मेश्राम ने यहां का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया है कि 11 जून से लेकर 26 अगस्त 2025 तक कैलाश मानसरोवर की यात्रा रहेगी। इसके लिए तमाम तरीके की यहां सुविधा एवं व्यवस्था की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने पाएं।







### साफ-सफाई से लेकर पंखे लाइटिंग और कूलर का हो प्रबंध

**करंट क्राइम :** प्रमुख सचिव पर्यटन सांस्कृतिक एवं धर्मार्थ मुकेश मेश्राम ने यहां निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं इसकी देखरेख करने वाली समिति को कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रियों के आवागमन पर खान-पान, विश्राम सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही उन्होंने स्वच्छता एवं सौंदरीकरण करने के लिए भी कहा है। साथ ही प्रमुख सचिव ने सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एसी, पंखे, कूलर और लाइटों की समुचित व्यवस्था कराए जाने और शुद्ध पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति को लेकर भी दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान भवन में साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कार्य यात्रा शुरू होने से पहले हर हाल में कराने का भी निर्देश दिया है।

### निरीक्षण में डीएम सहित अन्य अधिकारी रहे मौजूद

**करंट क्राइम :** प्रमुख सचिव पर्यटन सांस्कृतिक एवं धर्मार्थ मुकेश मेश्राम ने कैलाश मानसरोवर इंदिरापुरम स्थित भवन का निरीक्षण किया। तो उनके साथ जिलाधिकारी दीपक मीणा, एडीएम सिटी विकास कश्यप, पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत कैलाश मानसरोवर भवन मैनेजर दिनेश गर्ग सहित पर्यटन निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पंचायत वाले कार्यक्रम में उन्होंने 40 मिनट माईक हाथ में लेकर लूट ली महफिल? कहने वाले ने कहा उनकी इस परफोर्मेंस को देखकर दिलजलों के दिल पर पड़ रहा था असर? कहने वाले कह रहे थे कि अपने भाषण से मामला उन्होनें इतना चमका दिया था? कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के लिए नहीं छोडी थी कोई कसर? सुना है जब मुख्य अतिथि के हाथ में माईक आया तो उन्हें कहना पडा कि हमें विषय की ही करनी चाहिए फिक्र?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम गये थे शहर और मुरादनगर के पंचायत वाले दोनों प्रोग्राम में? हमारा दोनों कार्यक्रमों पूरी बारीकी से था पूरा ध्यान? हमारी जब शहर वाले कार्यक्रम बैकड्राप पर नजर पडी? तो उसको देखकर हो गये हम हैरान? हमने देखा गर्ग साहब से लेकर वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब के नहीं हो रहे थे उस पर दीदार? प्रभारी जी का भी चित्र किसी ऐंगल से नजर नहीं आ रहा था? कुछ करने वाले ने किया था कुछ ऐसा काम शानदार? वहीं जब हमने मुरादनगर वाले कार्यक्रम के बैकड्राप पर डाली नजर? जो चेहरे शहर वाले बैकड्राप पर नजर नहीं आ रहे थे उनकी मुरादनगर वाले बैकड्राप पर हो रही थी पूरी फिक्र?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी कोई होता है कार्यक्रम? मैं उस कार्यक्रम की बारिकी पर देता हूं ध्यान? मुरादनगर और शहर वाले कार्यक्रम में कुछ ऐसा ही लगाया हुआ था मैने ध्यान? मैंने देखा शहर वाले कार्यक्रम में भगवा योद्धा के फोटो को पहला और भगवा कमांडर को मिला था दूसरा वाला स्थान? मुरादनगर वाले बैकड्राप पर त्यागी जी का था पहले फोटो? उसके बाद था भगवा योद्धा के फोटो को स्थान? मेरा बैकड्राप को देखकर दिमाग था चल पडा? मुरादनगर में भगवा योद्धा का फोटो छोटा था मगर शहर वाले में था बड़ा? कहने वाले ने कहा जिस चेहरे का फोटो जहां पर सबसे पहले लगा? समझ लो उस विधान सभा में दावेदार है बड़ा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी दिल की यही है तमन्ना? हम देखना चाहते हैं नागर जी को महामंत्री बनना? मगर इसके अलावा हमारा दिल रखता है उनसे एक और आस? हम चाहते हैं वो भी बाकी चेहरों की तरह करें मंच संचालन? जैसा मुरादनगर में कर रहे थे बॉबी भाई साहब? शहर वाले कार्यक्रम में संयोजक होने के बावजूद मिस्टर नागर ने नहीं लिया हाथ में माईक? यूं माईक से दूरी बनाने वाली हमें अच्छी नहीं लगती है उनकी आईस-पाईस? हम भी अपने कानों से करना चाहते हैं उनके शब्दों का श्रवण? उनकी ओजस्वी वाणी सुनने को तड़प रहा था हमारा मन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कब क्या किरदार लें लें भगवा कमांडर का यार? हमें समझ ही नहीं आता है उनका किरदार? हमें पता है निगम वाली मैडम से नहीं मिलता है उनको ज्यादा भाव? इस बात का देखा है हमने उनके चेहरे पर तनाव? बावजूद इसके आजकल वो दिखा रहे हैं बड़ा दिल? हमने देखा उन्होंने मैडम की वीडियो पूरी शिद्दत से अपने फेसबुक पर शेयर की? ऐसा लग रहा है उन्होंने खुद से आगे बढ़कर अपने नेता की केयर की?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब आप कर ही रहे हो पहलवान का जिक्र? तो अगले सवाल में भी कर लो उनकी फिक्र? हमें पता है लोग कर रहे हैं उनके बद्रीनाथ नहीं जाने पर सवाल? कह रहे हैं इस बार दोस्त नहीं रख रहे हैं अपने दोस्त का ख्याल? तो देने वालों को दे दो ये संदेश? हैल्थ, टाईमटेबल की वजह से मिस्टर पहलवान बद्रीनाथ में नहीं दिखा रहे हैं अपना फेस? बावजूद इसके उनके पुत्र और धर्मपत्नी गये हैं बद्रीनाथ जी के द्वार? कमांडर से मोहब्बत को पहलवान कभी नहीं होने देते हैं बेकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम मीडिया वाले भगवा चौधरी को जब भी मेहनत करते हुए देखते हैं? तब आता है हमारे दिल में विचार? हमने देखा हैं पार्टी के कार्यक्रमों की वो बिना थके दनादन रोजाना करते हैं विज्ञप्तियां करते हैं तैयार? फिर हम सोचते हैं कि भगवा कमांडर के समय जो सहमीडिया प्रभारी बनाये गये थे? उनका आखिर क्या रोल है यार? क्यों नहीं वो मीडिया वाली मुहिम में भगवा चौधरी का सहयोग करते हैं? क्या इन सभी सहप्रभारियों को कर दिया है करने वाले ने उनकी जिम्मेदारियों से बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप देख रहे हो कि भगवा ठाकुर मैम्बर इन दिनों दिखा रहे हैं हाऊस टैक्स के खिलाफ खुलकर विरोध? कहने वाले ने कहा बिना अपने आका के आशीर्वाद के वो नहीं दिखाते हैं प्रतिशोध? उन्हें जरूर कहीं ना कहीं से मिल रहे हैं अपने विरोध को दर्ज कराने के संदेश? कहने वाले ने कहा वो उन्हीं बातों को प्रमुखता से रखते हैं? जब उन्हें मिल रहे होते हैं पीछे से निर्देश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के पार्षदों में इन दिनों एक चर्चा हो रही है बहुत ज्यादा आम? निगम वाले कर रहे हैं उनके मकानों की नपाई का काम? कुछ ऐसा ही नपाई वाला काम हो चुका है भगवा सौलंकी के साथ? कुछ इसी तरह की कर रहे थे मैम्बर त्यागी के क्रान्तिकारी हसबैंड भी बात? दे रहे थे ये चेहरे ग्रुप में संदेश? पार्षदों के आवासों की नपाई ले रहे हैं रोजाना नगर निगम के फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आपको तो पता ही है पूरे प्रताप से इन दिनों चल रहा है संगठन के सिरमोर से नाराज? हाल ही में आपने देखे होंगे सोशल मीडिया पर इस चेहरे के क्रान्तिकारी अल्फाज? कहने वाले ने कहा हमें पता चला है कि माईग्रेंट नहीं बनाये जाने की वजह से हुए हैं वो नाराज? पता चला है इसके पीछे है उनके बिरादरी वाले ही किसी ब्रदर का हाथ? कहने वाले ने कहा कि उन्हें पूरे प्रताप से है इसकी जानकारी? मगर उन्होंने अपने बिरादरी वाले को टारगेट पर लेने की जगह प्रतिशोध की चलाई है किसी और पर आरी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# भरोसा बढ़ेगा

पहलगाम में कैबिनेट की बैठक विश्वास बहाली का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो देश और सीमा पार यह संदेश देगा कि आतंकवाद जम्मू-कश्मीर की प्रगति को बाधित नहीं कर सकता। पर्यटन में वृद्धि दशार्ती है कि घाटी में स्थिति सामान्य हो रही है, लेकिन आतंकी हमलों का उद्देश्य इसे बाधित करना है। पहलगाम में जम्मू-कश्मीर कैबिनेट की विशेष बैठक विश्वास बहाली की दिशा में अहम प्रयास है। इससे देश के लोगों में तो भरोसा जगेगा ही, सीमापार तक भी यह संदेश पहुंचेगा कि आतंकी गतिविधियां जम्मू-कश्मीर की तरक्की को रोक नहीं सकतीं। पर्यटक बढ़े सरकारी आंकड़े बताते हैं कि विशेष दर्जा खत्म होने और केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। विधानसभा में पेश रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 से 2024 के बीच 7.49 करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट यहां पहुंचे थे। इसमें से 99.93 लाख से अधिक पर्यटकों ने घाटी की सैर की। जम्मू के मुकाबले कश्मीर का डेटा भले कम हो, लेकिन इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अच्छी बात यह रही कि इस दरम्यान कश्मीर में विदेशी पर्यटक अधिक आए, 2024 में 65 हजार से भी ज्यादा। डराना था मकसद ये आंकड़े केवल पर्यटन का हाल नहीं बताते, बल्कि साबित करते हैं कि जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी में चीजें सामान्य हो रही थीं। जो इलाका आतंकवाद का दंश दशकों से झेल रहा था, वह पूरे भारत के साथ कदमताल करने लगा था। आतंकी इसी पर चोट करना चाहते थे और पहलगाम हमले का मकसद यही था। इसी वजह से पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने टारगेट किलिंग कर देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की कोशिश की।

आर्थिक झटका पहलगाम के बाद जम्मू-कश्मीर के तमाम पर्यटक स्थलों को बंद कर दिया गया था और होटल-टैक्सी वगैरह की 90% तक बुकिंग कैंसल हो गई थीं। यह झटका केवल उनके लिए नहीं है, जिनका रोजगार सीधे पर्यटन से जुड़ा हुआ है, यह चोट पूरे राज्य की आर्थिक सेहत और टूरिज्म बढ़ाने के लिए हाल के बरसों में किए गए तमाम प्रयासों पर है। अकेला नहीं छोड़ना सीएम उमर अब्दुल्ला ने ठीक कहा कि अगर हम इन जगहों पर नहीं जाएंगे तो कौन जाएगा। अगर बंदूकों से डरकर घाटी को अकेला छोड़ दिया जाता है, तो यह आतंकी मंसूबों की जीत होगी। यही तो वे चाहते हैं। उनकी गोलियों का जवाब देने के साथ-साथ यह संदेश भी पहुंचना चाहिए कि हिंदुस्तान के किसी कोने में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। प्रयास बढ़ाए जाएं उमर अब्दुल्ला ने नीति आयोग की बैठक में यह सुझाव भी दिया था कि ढरव२ के लिए कश्मीर में बैठक करना अनिवार्य होना चाहिए। साथ ही, संसदीय समितियों को भी घाटी में जाकर मीटिंग करनी चाहिए। ये कदम छोटे-छोटे ही सही, पर स्थानीय लोगों में सुरक्षित होने का अहसास पैदा करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस कड़ी में पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला की यह बात भी गौर करने लायक है कि केवल टूरिज्म पर निर्भर न रहकर इंडस्ट्री लाई जाए। इससे तमाम दूसरे रास्ते अपने आप खुल जाएंगे।

# भारत 2025-26 में दक्षिण एशिया के विकास का मुख्य इंजन बनने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच ने अपनी एक रिपोर्ट में सख्त चेतावनी दी है। विश्व आर्थिक मंच ने रिपोर्ट में कहा है कि आर्थिक राष्ट्रवाद, टैरिफ की अस्थिरता लगातार अनिश्चितता को बढ़ावा दे रही है। इसके कारण वैश्विक आर्थिक सुधार और विकास नकारात्मकता की ओर बढ़ सकता है। हालांकि इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दक्षिण एशिया, आर्थिक विस्तार को लेकर सबसे अधिक आशावादी है। इतना ही नहीं इस क्षेत्र में भारत 2025 और 2026 में विकास का मुख्य इंजन बनने के लिए तैयार है। दरअसल, विश्व आर्थिक मंच ने 'मुख्य अर्थशास्त्री आउटलुक' शीर्षक वाली अपनी एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञों ने चेताते हुए कहा कि वर्तमान में अमेरिका की आर्थिक नीति वैश्विक रूप से स्थायी प्रभाव डाल रही है, इसके चलते जहां एक ओर मंदी का जोखिम बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर तमाम देशों में रणनीतिक व्यावसायिक निर्णयों में भी देरी हो रही है। इतना ही




नहीं मौजूदा आर्थिक घटनाक्रमों के कारण समग्र वैश्विक वृद्धि पर दबाव बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भले ही वैश्विक अर्थव्यवस्था इन दिनों सुस्ती के दौर से गुजर रही है, बावजूद इसके रिपोर्ट में नाजुक और असमान सुधार का संकेत दिया गया है। हालांकि क्षेत्रीय मतभेद और बढ़ती वित्तीय कमजोरियां दीर्घकालिक स्थिरता के लिए खतरा बन रही हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में खास तौर पर एशिया में अर्थशास्त्री सबसे अधिक संभावनाएं देख रहे हैं। 86% अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि इस साल दक्षिण एशिया में कम से कम मध्यम वृद्धि होगी, जबकि 73% अर्थशास्त्री पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र के बारे में यही विचार रखते हैं। इसके विपरीत, सिर्फ.56% लोग संयुक्त राज्य अमेरिका, 59% चीन के लिए, और सिर्फ. 13% लोग यूरोप में आर्थिक विकास के लिए सकारात्मक गति की संभावना देख रहे हैं।

हालांकि, दक्षिण एशिया में इस माह की शुरूआत में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष होने के साथ ही क्षेत्र की चुनौतियां तात्कालिक रूप से और बढ़ गईं। इस क्षेत्र के लिए मुख्य अर्थशास्त्रियों ने मध्यम से उच्च मुद्रास्फीति की उम्मीद जताई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत विकास का प्राथमिक इंजन बनने के लिए तैयार है। आईएमएफ ने भी भारत की 2025 के लिए 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत जीडीपी विस्तार का अनुमान लगाया है।

## 'चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना महाशक्ति का उद्घोष' भारत की उपलब्धि से प्रसार भारती के अध्यक्ष खुश

**नई दिल्ली।** भारत ने आर्थिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय रच दिया है। खास बात यह है कि आर्थिक विकास का यह मॉडल केवल महानगरों या अमीर तबकों तक सीमित नहीं रहा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए मोदी सरकार ने समाज के सबसे कमजोर वर्गों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। यही वजह है कि दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 4.186 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत ने जर्मनी जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह



दुनिया की आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर चुका है। वहीं भारत मजबूत और स्थिर नेतृत्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हालांकि यह सफर आसान कतई नहीं था, लेकिन मजबूत नेतृत्व, साहसी नीतियों और जनभागीदारी की बदौलत भारत ने यह मुकाम हासिल किया है।

### नीतिगत फैसलों ने दी विकास को रफ्तार

वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, उस समय भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। करीब 2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और कई नीतिगत समस्याएं देश की गति को रोक रही थीं। अगले दस वर्षों में भारत ने एक के बाद एक आर्थिक सुधारों और नीतिगत फैसलों के जरिये विकास की रफ्तार तेज कर दी। 2019 में भारत ने ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवां स्थान प्राप्त किया।




## जांचे जा रहे हैं टॉयलेट और हवालात

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए कमिश्नरअ के आने के बाद पुलिस की वर्किंग और पुलिसिंग बदल रही है। वहीं बीते कई दिनों से अलग-अलग थानों के टॉयलेट और हवालात जांचे जा रहे हैं। जांच का काम कहीं पर साहब लोग कर रहे हैं। तो कहीं पर एसीपी ऑफिस के कर्मचारी और थाने वाला स्टाफ ही कर रहा है। दरअसल इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर और एडिशनल सीपी किसी भी थाने और कार्यालय पहुंच जाते हैं। वहां की व्यवस्थाओं और हालातों का जायजा लेते हैं। लापरवाही मिलने पर प्रभारी को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं, तो पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में होने वाली तमाम बैठकों में पुलिस के अधिकारी साफ-सफाई और अपने कार्यस्थल में सुधार का निर्देश दे रहे है। इसका ही असर है कि अब पुलिसकर्मी भी अपने कार्यस्थलों को लेकर गंभीरता दिखा रहे हैं। कई खुद के कमरे की सफाई पर श्यान दे रहा है तो कोई थानों में पुताई व सफाई करवा रहा है। हालांकि अभी भी कई ऐसे कार्यालय हैं जहां दिन में भी ऑफिस में अंधेरा और गंदगी का अंबार है। तो कई थानों से कूड़े को हटाने के लिए अभी भी इंतजाम करना बाकी है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगले सप्ताह से फिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों के निरीक्षण और रात्रि कार्यक्रम तेज होने वाले हैं। वहीं बताया जा रहा है कि जून के प्रथम सप्ताह में एक बड़ा त्यौहार है, उससे पहले पुलिस के अधिकारियों को सड़क पर उतरकर पैदल गश्त करने के साथ ही कई अभियान चलाने हैं। तो वहीं पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी के सबसे टेंशन वाले सर्किल को नए एसीपी मिल गए हैं। वो पहले नदियापार व देहात के सर्किल को संभाल चुके हैं। क्रा इम कंट्रोल से लेकर वर्किंग में भी बेस्ट हैं, अब देखना होगा सिटी के सबसे टेंशन वाले इलाके में उनकी अटेंशन कैसी रहेगी। तो सुनने में यहां तक आ रहा है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थाना प्रभारियों वाली लिस्ट भी आउट होने वाली है। इन सबके बीच जिस तरीके से बुधवार को सिटी से लेकर देहात के कई थानों में टॉयलेट और हवालात जांच वाला कार्यक्रम चल रहा था। उसे देखकर लग रहा है कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ और नए बदलाव देखने को मिलेंगे।




# भारत-अमेरिका के बीच 25 जून तक हो सकता है अंतरिम व्यापार समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त से पहले अंतरिम व्यापार समझौते पर विचार कर रहे हैं क्योंकि भारत पर अमेरिका का 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ इस साल 9 जुलाई तक निलंबित है। इसे अमेरिका ने 2 अप्रैल को लगाया था। भारत और अमेरिका के बीच 25 जून तक एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है। इसके लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल व्यापार वार्ता के लिए अगले महीने भारत आ सकता है। सूत्रों ने बताया कि ऐसी संभावना है कि दोनों देश 25 जून तक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमत हो जाएंगे। उन्होंने कहा, रबातचीत आगे बढ़ रही है। चीजें पटरी पर हैं। इस बीच, भारत के मुख्य वातार्कार, वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह अपनी चार दिवसीय वाशिंगटन यात्रा पूरी की।



### 26% की जवाबी अमेरिकी टैरिफ फिलहाल 9 जुलाई तक है निलंबित

दोनों पक्ष प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त से पहले अंतरिम व्यापार समझौते पर विचार कर रहे हैं। भारत पर अमेरिका का 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ इस साल 9 जुलाई तक निलंबित है। इसे अमेरिका ने 2 अप्रैल को लगाया था। हालांकि, भारतीय सामानों पर अब भी अमेरिका की आरे से लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ लागू है। नई दिल्ली अंतरिम व्यापार समझौते में अमेरिका पर घरेलू वस्तुओं पर 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ से पूर्ण छूट के लिए दबाव डाल रही है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।
- बिल्ली के हर कान में 32 मसल्स होते हैं।
- पर्थ ऑस्ट्रेलिया का ऐसा शहर है जहां सबसे तेज हवा बहती है।
- इंसान की सबसे छोटी हड्डी कान में होती है।
- बिल्लियां अपनी जिंदगी का 66 प्रतिशत हिस्सा सोते हुए गुजारती हैं।
- स्विट्जरलैंड में दुनिया में सबसे अधिक चॉकलेट खाई जाती है। यहां हर व्यक्ति एक साल में 10 किलो के औसत से चॉकलेट खाता है।
- पैसा ऐसी पहले नंबर की चीज है जिसके बारे में जोड़े सबसे अधिक बहस करते हैं।
- जब आसमान की बिजली गिरती है तब तापमान 30,000 डिग्री तक हो सकता है।

## चुटकुले

एक लड़की सजधज के रेलवे स्टेशन गई,
लड़की- लोकल ट्रेन कितने बजे आएगी?
स्टेशन मास्टर-10 बजे,
लड़की-अच्छा, राजधानी ट्रेन कितने बजे आएगी?
स्टेशन मास्टर-2 बजे,
लड़की- अच्छा और ये मालगाड़ी कब आएगी?
स्टेशन मास्टर- 2 :30 बजे , क्यों ?
जाना कहां है?
लड़की-जाना कहीं नहीं बस रेल की पटरी पे सेल्फी लेनी है।

बेटा- पापा ये साढू भाई का कौन सा रिश्ता है?
पापा- जब दो अनजान व्यक्ति एक ही कंपनी द्वारा ठगे जाते है,
तो आपस मे साढू कहलाते है।

टीचर- न्यूटन का नियम बताओ
स्टूडेंट- सर पूरी लाइन तो याद नहीं, लास्ट की याद है
टीचर- चलो लास्ट की ही सुनाओ
स्टूडेंट- .... और इसे ही न्यूटन का नियम कहते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# शेयर बाजार में लाल निशान पर क्लोजिंग सेंसेक्स 239 अंक गिरा, निफ्टी 24800 से फिसला

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक बुधवार को भी लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 240 अंक की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 239.31 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 81,312.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.75 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,752.45 पर पहुंच गया। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 3 पैसे की गिरावट के साथ 85.37 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को बिकवाली हुई। ब्रिटिश कंपनी बीएटी पीएलसी ने भारतीय तंबाकू कंपनी आईटीसी में अपनी 2.3% हिस्सेदारी बेच दी। बीएटी ने ब्लॉक डील के जरिए 2.3% की हिस्सेदारी लगभग 1.36 अरब डॉलर में बेची है। जिससे उसे 11,613 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। इस समझौते के बाद घरेलू बाजार पर असर डाला और आईटीसी के शेयरों में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 239.31 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 81,312.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 307.61 अंक या 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,244.02 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 73.75 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,752.45 पर आ गया।



दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# स्वर्गीय ललित भाटी के निधन पर शोक सभा आयोजित





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी के भतीजे ललित भाटी का निधन हो गया था। स्वर्गीय ललित भाटी के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में समाज के गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय ललित भाटी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाजपा ने लोनी में पंचायत प्रतिनिधियों संग मनाया रानी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति वर्ष

## रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति का गौरवशाली प्रतीक : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर

**लोनी, करंट क्राइम।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के तहत भाजपा द्वारा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का बुधवार को आयोजन लोनी के ग्राम नवादा में किया गया। इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा चौधरी चैनपाल सिंह ने की, मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर मौजूद रहे। मुख्य वक्ता डॉ. कौमुदी चौधरी सदस्य बाल कल्याण समिति गाजियाबाद व कार्यक्रम की संयोजक भाजपा सभासद विनीता सिंह ने किया। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति की वह गौरवशाली प्रतीक हैं, जिन्होंने अपने अद्वितीय शासन, लोककल्याण एवं धर्म-सेवा से भारतीय नारी नेतृत्व को एक अमर आदर्श प्रदान किया।





### श्रीराम द्वार का उद्घाटन एवं निजी बस सेवा का शुभारंभ

**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा बलराम नगर-दिल्ली-करावल नगर मार्ग पर निर्मित भव्य श्री राम द्वार का लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने रामभक्तों की मौजूदगी में उद्घाटन किया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा यह द्वार न केवल प्रभु श्रीराम की दिव्य आस्था का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त विधायक ने 2 नम्बर इंदिरापुरी से शास्त्री पार्क दिल्ली तक निजी बस सेवा का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह, मुख्य वक्ता डॉ. कौमुदी चौधरी ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लोनी देहात मनीष चौहान, प्रधान रवि, अजीत प्रधान, गोपी प्रधान, पूर्व प्रधान पचायरा सतीश प्रधान, बीडीसी सुमित पाल, लोनी देहात मंडल उपाध्यक्ष भाई वीरेंद्र निठौरा, प्रमोद भट्ट, दिनेश गौतम, मनवीर चौधरी, मंडल मंत्री निशु त्यागी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक आपदा में बचाव का काम करेगा 'सचेत' मोबाइल ऐप

## प्राकृतिक आपदा में कैसे बचाव करें, सचेत ऐप के जरिए समय रहते पता लगाया जा सकता है : सौरभ भट्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) गाजियाबाद सौरभ भट्ट ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 8वीं शासी निकाय की बैठक में प्रधानमंत्री द्वारा निर्देश दिये गये कि सभी एन.सी.सी. स्वयंसेवकों, पुलिसकर्मियों, अर्द्ध सैनिक बलों, सी.ए.पी.एफ., एन.डी.आर.एफ., एस.डी.आर.एफ एवं अन्य सभी आपदा प्रतिक्रिया कर्मियों के लिए सचेत ऐप का उपयोग अनिवार्य किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस ऐप के माध्यम से आप अपने स्थानीय मौसम, तापमान, वर्षा, भूकम्प की तीव्रता, प्रदूषण का स्तर, बज्रपात का अलर्ट तथा विभिन्न प्रकार की आपदाओं में क्या करें, क्या न करें आदि के बारे में पता लगाया जा सकता है। ये सचेत (ग्रॅं३) मोबाइल ऐप आपदाओं को न्यून करने में बहुत उपयोगी सिद्ध होगा, इसलिए इस मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाना आवश्यक है।






उपरोक्त पत्र में प्रधानमंत्री द्वारा निर्गत निदेशों के अनुपालन में विभागीय स्तर पर सचेत ऐप के माध्यम से आपदाओं संबंधी चेतावनी/अलर्ट को प्राप्त करने के लिए आपके अधीनस्थ कार्यरत अधिकारी / कर्मचारी को सचेत ऐप डाऊनलोड करने के हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

यह सचेत मोबाइल ऐप Google Play और Apple ऐप स्टोर पर उपलब्ध है। जिसका विवरण निम्नवत उअढ मोबाइल ऐप (Sachet):

राष्ट्रीय आपदा चेतावनी पोर्टल:- https://sachet.ndma.gov.in

एंड्रॉइड के लिए: https://play.google.com/store/apps/details

आईओएस (IOS) के लिए: https://apps.apple.com/app/sachet//Id6443882278 है।

# स्व. चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रॉयल पैलेस, वसुन्धरा, गाजियाबाद सदस्यता अभियान एवं स्व. चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी का कार्यक्रम रालोद प्रदेश उपाध्यक्ष दीपमाला चौधरी के नेतृत्व में हुआ। रालोद के सदस्यता कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह का जोरदार स्वागत किया गया।




परिणीता सिंह ने कहा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला जिला अध्यक्षों को सामूहिक बैठक कर समन्वय बनाकर पार्टी को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक दीपमाला चौधरी ने बताया कि अब पुरुषों के साथ पार्टी में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करने के साथ ही स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के विचारों को जमीन पर उतारने की जरूरत है। कार्यक्रम में निशा चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रिचा सिंह महासचिव खेल प्रकोष्ठ, पूनम गर्ग राष्ट्रीय महासचिव महिला प्रकोष्ठ, रेखा चौधरी महानगर अध्यक्ष, सुमन चौधरी जिला अध्यक्ष, हेमा पाठक महासचिव, राखी सिंधु महानगर अध्यक्ष, राधिका रसिक प्रदेश उपाध्यक्ष, नीरज पवार खेल प्रकोष्ठ, सतवीर सिंह राष्ट्रीय सचिव, गजराज सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ।

प्रदेश उपाध्यक्ष दीपमाला चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं को सदस्यता दिलवाई गई जिनमें मुख्यत गुरप्रीत कौर कम्बोज, आशु वालिया, अनुपम सिंह, शीतल रस्तौगी, सुनीता श्रीवास्तव, मौमिता बासु, नीतू सिंह, गीता चौधरी, सरोज चौधरी, निशिता गर्ग, शिखा भटनागर, दिशा शर्मा, रीता तिवारी, इन्द्राणी त्यागी, निशा शंकर, नीतू गोयल, गीतिका शर्मा, किरण आदि।

# बाट-माप एवं तौल उपकरणों के सत्यापन की प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

## अधिकारियों ने बैठक में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को दी जानकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बाट माप विभाग के अधिकारियों ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को बैठक कर विभाग की ऑनलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में विधिक माप विज्ञान विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, हर्षवर्धन सिंह, राघवेंद्र सिंह तथा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संदीप बंसल, शहर अध्यक्ष श्रीपाल यादव, उपाध्यक्ष मूलचंद गर्ग, जिला चेयरमैन राजेश बंसल तथा ऋषिपाल, अनूप शर्मा, अशोक कुमार, रिंकू गर्ग उपाध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार गर्ग, नितिन मित्तल, अमित माथुर, सुंदरलाल माथुर, विनोद कुमार, तरुण गर्ग एवं गैस एजेंसी से रोहित शर्मा, मुबारक अली, शरद गुप्ता, आशु यादव, अजय कुमार, श्रीमती उषा एवं अमित शर्मा आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।



विधिक माप विज्ञान विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सरकार की मंशा के अनुरूप तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत व्यापारियों को सहूलियत देने के लिए बाट माप एवं तौल उपकरणों के सत्यापन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। अब व्यापारी घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपने तौल उपकरणों का सत्यापन मुद्रांकन करा सकता है। इसके लिए अब व्यापारी को कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। तौल उपकरणों के सत्यापन के लिए व्यापारी को विधिक माप विज्ञान विभाग के वेब पोर्टल https://legalmetrology-up.gov.in पर लॉगिन करके अपनी फर्म का रजिस्ट्रेशन करना होगा तत्पश्चात इसी पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से अपने तौल उपकरणों के सत्यापन हेतु आवेदन कर सकेगा। व्यापारी इसी पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से सत्यापन मुद्रांकन शुल्क जमा कर सकेगा तथा परीक्षण मुद्रांकन के उपरान्त सत्यापन प्रमाण पत्र स्वयं डाउनलोड एवं प्रिंट कर सकेगा। यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन एवं पारदर्शी है।

# पार्षद नीरज गोयल ने नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को लिखा पत्र

## कहा, यूजर चार्ज के बिलों का नियमित वितरण किया जाना चाहिए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम में कार्यकारणी सदस्य व पार्षद नीरज गोयल ने यूजर चार्ज को नियमित करने के लिए नगरायुक्त विक्रमादित्य मलिक को मिल कर एक पत्र दिया। नीरज गोयल ने पत्र देते हुए बताया कि शहर को साफ व सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा डोर टू डोर कूड़ा लेने के लिए गाड़ी जाती है जिस से क्षेत्रवासियों को कूड़ा को लेकर सुविधा होती है निगम द्वारा इस कूड़े को लेने के लिए एक निर्धारित शुल्क तय कर रखा है। लेकिन अभी तक बहुत से घरों व कॉमर्शियल भवनों पर यूजर चार्ज का बिल नहीं पहुंच रहा है जिस से वह भवन स्वामी भ्रमित है कि उस के भवन पर यूजर चार्ज नहीं लग रहा है। लेकिन जब वह निगम कार्यालय जाता है तो पता चलता है पीछे वर्षों से उस पर यूजर चार्ज लग रहा वो अब हजारों रुपये में हो गया है। यह रकम एक साथ बड़ी हो जाने पर उस को जमा करने में परेशानी होती है तथा वह अपने ऊपर निगम द्वारा हिटलर शाही समझता है। निगम द्वारा यूजर चार्ज लगाने से संबंधित मानकता को सार्वजनिक किया जाए तथा बकायेदारों पर बिल/एसएमएस भेज कर जागरूक किया जाए। सड़क के किनारे व पटरी पर लग रहे ठियो से भी निर्धारित यूजर चार्ज वसूला जाना चाहिए तथा इन के लिए यूजर चार्ज से संबंधी नियम बनाए जाए।



नगरायुक्त ने आश्वासन देते हुए बताया कि यूजर चार्ज एकत्रित करने के लिए निगम ने एक कम्पनी को निर्धारित कर दिया है। जल्दी ही सभी भवन स्वामियों को यूजर चार्ज के बिल मिल जाएंगे साथ ही उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस विषय मे सम्बंधित अधिकारियों की एक बैठक बुलाई जाए तथा एसएमएस द्वारा सभी भवन स्वामियों को बिल भेजे जाएं।

# वैशाली सेक्टर 1 में बढ़ाए गए हाउस टैक्स के विरोध में जनता ने किया प्रदर्शन

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** सेक्टर 1 वैशाली स्थित नील नील पदम कुंज सोसाइटी में नगर निगम द्वारा बड़े हाउस टैक्स के विरोध में क्षेत्र वासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। पूर्व पार्षद मनोज गोयल का घेराव कर लोगों ने इसका विरोध किया। पार्षद द्वारा जल्दी समाधान निकालने के लिए कहा गया। इस अवसर पर वहां के अध्यक्ष अंशुल काचरू, दीपक गौड, निशांत मेहरा, लोकेश राठोर, रेखा गुप्ता, जेपी सरकार, पंकज, अखिल अहलावत, वीरेंद्र सारस्वत, लता शर्मा, शशांक उपाध्याय, मुनीश रावत, सुधीर जैन, विवेक शर्मा, अरुण श्रीवास्तव, सुशील कडू, उषा कॉल, मंजू कुलश्रेष्ठ, नारंग, राजकुमार अग्रवाल, अनुज गर्ग, नरेश गुप्ता, रोशन सिंह, डी गुल्लू, दीपा बिष्ट, शैलेंद्र, दिनेश गुप्ता, अमित धर, विवेक चतुर्वेदी साहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के यहां सुंदरकांड पाठ का आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी तथा पूर्व विधायक हेमलता चौधरी के यहां सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। उनकी छोटी पुत्रवधू के बेबी शावर कार्यक्रम के अवसर पर गोद भराई की रस्म पूरी की गई। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# हम पर हमला हुआ तो एक नहीं सौ बार ऑपरेशन सिंदूर चलाएंगे, पनामा में बोले भारतीय सांसद



**सऊदी अरब में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गांधी जी को किया नमन भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में ग्रुप एक के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब के रियाद स्थित भारतीय दूतावास में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की**

**सऊदी अरब।** ग्रीस में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत ग्रीस में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का ग्रीस के हेलेनिक संसद में भारत-ग्रीस मैत्री समूह की अध्यक्ष मारिया एंटोनियो, संसद सदस्य (एनडी) और संसदीय समूह एनडी, समिति के सचिव क्रिस्टोस डरमेंटजोपोलोस की तरफ से स्वागत किया गया। ग्रीक पक्ष की ओर से क्रिस्टोस डरमेंटजोपोलोस की तरफ से डीएमके सांसद कनिमोझी को प्रशंसा पत्र भेंट किया गया।

इंडोनेशियाई विदेश उप मंत्री से मिला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में जेडी(यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया के विदेश उप मंत्री आरिफ हवास ओग्रोसेनो से मुलाकात की।

आतंकवाद पर भारत के शून्य-सहिष्णुता के रुख की सराहना की गई एनसीपी एसपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के संबोधन में आतंकवाद पर भारत के शून्य-सहिष्णुता के रुख की सराहना की गई।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जोहान्सबर्ग में 350 से अधिक भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। इस संबोधन में पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताया गया। जोहान्सबर्ग पहुंचने के बमुश्किल दो घंटे बाद मंगलवार शाम को कार्यक्रम में बोलते हुए प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीय नागरिकों और स्थानीय समुदाय से वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ भारत की बेबाक लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया।

सिएरा लियोन के लिए रवाना हुआ भारतीय प्रतिनिधिमंडल शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में ग्रुप-4 का प्रतिनिधिमंडल कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद सिएरा लियोन के लिए रवाना हुआ।

# ईरान गए तीन भारतीयों के परिजन लापता, दूतावास ने ईरानी अधिकारियों को किया सूचित जांच में जुटा प्रशासन



**तेहरान।** भारत के तीन नागरिक जो हाल ही में ईरान की यात्रा पर गए थे, उनके परिवार वालों ने भारतीय दूतावास को बताया है कि वे लापता हो गए हैं। इस पर भारतीय दूतावास ने, तेहरान में ईरानी अधिकारियों के समक्ष इस मामले को तुरंत सूचित किया है।

**लापता लोगों के परिवारों से संपर्क में हैं- भारतीय दूतावास:** इस मामले में ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने ईरानी प्रशासन से साफ-साफ कहा है कि लापता भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द ढूंढा जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भारतीय दूतावास ने यह भी बताया है कि वे लगातार लापता लोगों के परिवारों से संपर्क में हैं और इस मामले में हो रही कार्रवाई से उन्हें हर अपडेट दे रहे हैं।

**भारतीय दूतावास ने जल्द नागरिकों को ढूंढने का किया निवेदन :** भारतीय दूतावास ने कहा, 'हमने यह मामला मजबूती से उठाया है और ईरान सरकार से निवेदन किया है कि इन भारतीय नागरिकों को ढूंढने के लिए जरूरी कदम तुरंत उठाए जाएं।' इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन नागरिकों का पता चल जाएगा।

**ऑस्ट्रेलिया की जगह ट्रैवल एजेंट ने भेज दिया ईरान:** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी पंजाब के अन्य-अन्य जिलों के रहने वाले हैं। जो 11 मई को तेहरान पहुंचे और उसके बाद से ही लापता है। परिजनों के अनुसार, एक ट्रैवल एजेंट ने उन सभी को ऑस्ट्रेलिया भेजने का वादा किया और ईरान में रुकने की सुविधा कराने की बात कही, लेकिन ईरान पहुंचने के बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है।

# अब स्वस्थ बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नहीं लगेगी कोविड-19 वैक्सीन




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने मंगलवार को एक वीडियो जारी कर घोषणा की कि अब स्वस्थ बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए कोविड-19 वैक्सीन की सिफारिश नहीं की जाएगी। कैनेडी ने यह बात 58 सेकंड के एक वीडियो में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कही।

उन्होंने बताया कि यह बदलाव सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की आधिकारिक सिफारिशों में किया गया है। हालांकि, इस वीडियो में सीडीसी का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। साथ ही सीडीसी ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कैनेडी और स्वास्थ्य विभाग (एचएसएस) से संपर्क करने को कहा।

अमेरिका के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अब तक 6 महीने से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को हर साल कोविड-19 का बूस्टर डोज लेने की सलाह देते रहे हैं। हालांकि, जून में सीडीसी की एक सलाहकार टीम की बैठक होनी है, जिसमें तय किया जाएगा कि इस साल के अंत में किसे टीका लेना चाहिए। लेकिन कैनेडी ने इस बैठक का इंतजार नहीं किया।

# ढाका सचिवालय में बांग्लादेश के अर्धसैनिक बल तैनात



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में सरकारी कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन के बीच मुहम्मद युनुस की अंतरिम सरकार ने मंगलवार को सचिवालय परिसर में अर्धसैनिक बल तैनात कर दिए। सचिवालय परिसर के प्रवेश द्वारों, मंत्रालयों और महत्वपूर्ण कार्यालयों पर पैरामिलिट्री बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी), पुलिस की विशेष हथियार इकाई (स्वाट) और रेड एक्शन बटालियन (आरएबी) को तैनात किया गया।

रैलियों और सभाओं पर प्रतिबंध; सचिवालय नहीं जा सकेंगे पत्रकार पत्रकारों और आगंतुकों के परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। ढाका पुलिस ने भी सचिवालय और आसपास के इलाकों में सभी प्रकार के रैलियों और सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, सरकारी कर्मचारी नए सेवा अध्यादेश पब्लिक सर्विस (संशोधन) अध्यादेश-2025 को रद्द करने की मांग को लेकर मंगलवार को चौथे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। अब बिना किसी औपचारिक विभागीय कार्यवाही के बर्खास्त हों सकते हैं कर्मचारी इससे सचिवालय में प्रशासनिक गतिविधियां ठप पड़ गईं।

# ब्रिटेन के राजा को कनाडा की चिंता, कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के कारण भविष्य को लेकर चिंतित



**ओटावा।** ब्रिटेन के सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को कनाडा की संसद का उद्घाटन करते हुए कहा कि दुनिया पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक हो गई है और कनाडा आज ऐसे संकटों का सामना कर रहा है, जो पहले कभी नहीं देखे गए। यह ऐतिहासिक भाषण ऐसे समय पर हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा पर कब्जे की धमकी दी है। इसी के जवाब में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने किंग चार्ल्स को संसद में स्पीच फ्रॉम द थ्रोन देने के लिए आमंत्रित किया।

कनाडा और ट्रंप के बीच के तनाव को देखते हुए अपने भाषण में चार्ल्स ने कहा हम एक बदलती दुनिया में रह रहे हैं जो पहले से कहीं ज्यादा अस्थिर है। कई कनाडाई चिंतित और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कनाडा सच में मजबूत और आजाद है। उन्होंने कनाडा की संप्रभुता को दोहराया और देश की बहुसांस्कृतिक पहचान की तारीफ की।

70 साल बाद ऐसा मौका कनाडा में किसी सम्राट द्वारा संसद का उद्घाटन करना बहुत दुर्लभ होता है। किंग चार्ल्स की मां रानी एलिजाबेथ द्वितीय ने यह काम केवल दो बार किया था। किंग चार्ल्स ने बताया कि यह उनकी कनाडा की 20वीं यात्रा है। उन्होंने कहा कि कनाडा ने अपना संविधान खुद बनाया, ब्रिटेन से पूरी तरह आजादी हासिल की और एक बहुभाषी, विविधतापूर्ण राष्ट्र बना है।

# स्पेसएक्स की स्टारशिप रॉकेट लॉन्चिंग लगातार तीसरी बार फेल, नियंत्रण से बाहर होकर टुकड़ों में बंटा यान



**नई दिल्ली।** पिछली लगातार दो असफल कोशिशों के बाद स्पेसएक्स ने मंगलवार की शाम अपने मेगा रॉकेट स्टारशिप को फिर से प्रक्षेपित किया। हालांकि, अंतरिक्ष यान इस बार भी यह मुख्य उद्देश्यों से चूक गया, और नियंत्रण से बाहर होकर कई हिस्सों में टूट गया। 123 मीटर लंबे रॉकेट ने टेक्सास के दक्षिणी सिरे पर स्थित स्पेसएक्स के लॉन्च साइट स्टारबेस से अपने नौवें डेमो के लिए उड़ान भरी थी। सीईओ एलन मस्क की स्पेसएक्स ने इस उड़ान के बाद कई और उपग्रहों को छोड़ने की तैयारी की थी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष में घूमते हुए हिंद महासागर महासागर में अनियंत्रित लैंडिंग की ओर बढ़ गया। स्पेसएक्स ने बाद में पुष्टि की कि अंतरिक्ष यान अनिर्धारित तीव्र गति सेफटकर टुकड़े-टुकड़े हो गया।

कंपनी ने बताया- हम अगले परीक्षण की दिशा में काम जारी रखेंगे कंपनी ने एक ऑनलाइन बयान में कहा, ₹टीमें डेटा की समीक्षा करना और हमारे अगले उड़ान परीक्षण की दिशा में काम करना जारी रखेंगी।₹ मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस परीक्षण के दौरान पिछले दो डेमो की तुलना में ₹बड़ा सुधार₹ दिखा। पिछले परीक्षण में यान अटलांटिक के ऊपर जलते हुए मलबे में बदल गया था। कंपनी ने बताया कि स्टारशिप के लगातार तीसरे असफल प्रक्षेपण के बावजूद मस्क ने वादा किया वे आगे जल्दी प्रक्षेपण करेंगे। अगली तीन उड़ानों की बात करें तो हर तीन से चार सप्ताह में एक स्टारशिप उड़ान भरेगी।

ईंधन के रिसाव रिसाव के कारण नियंत्रण से बाहर हुआ यान यह पहली बार था जब मस्क के स्टारशिप में से एक - जिसका उद्देश्य चंद्रमा और मंगल की यात्रा करना था- ने एक रिसाइकल किए गए बूस्टर के साथ उड़ान भरी। लॉन्च पैड पर विशाल चॉपस्टिक के साथ बूस्टर को पकड़ने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। एक समय बूस्टर से संपर्क टूट गया, और यह टुकड़ों में मैक्सिको की खाड़ी में जा गिरा, जबकि अंतरिक्ष यान हिंद महासागर की ओर बढ़ रहा था। इसके बाद अंतरिक्ष यान नियंत्रण से बाहर हो गया, ऐसा स्पष्टतः ईंधन रिसाव के कारण हुआ।

चांद व मंगल पर उतारने के लिए डिजाइन किया गया है स्टारशिप स्पेसएक्स फ्लाइट कमेंटेटर डैन ह्यूट ने कहा, ₹आज के लिए हमारे बहुत से ऑन-ऑर्बिट उद्देश्य अच्छे नहीं लग रहे हैं।₹ कंपनी नियंत्रित रीइंट्री के दौरान अंतरिक्ष यान के ताप कवच का परीक्षण करना चाहती थी। अंतरिक्ष यान के नीचे आने से पहले ही संचार बंद हो गया और स्पेसएक्स ने इसके तुरंत बाद अपना वेबकास्ट समाप्त कर दिया।

# फ्रांस में लाइलाज रोगियों को मौत चुनने का मिलेगा अधिकार



**पेरिस।** फ्रांस के निचले सदन नेशनल असेंबली ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दे दी। इस विधेयक के तहत फ्रांस में लाइलाज बीमारियों से ग्रस्त व्यस्क लोगों को मौत चुनने का अधिकार मिलेगा। यूरोप में लंबे समय से मौत चुनने के अधिकार को कानूनी करने की मांग उठ रही हैं। फ्रांस में भी लंबे समय से ऐसी मांग की जा रही है और महीनों से इस पर संसद में चर्चा में चल रही है। लंबी चर्चा के बाद मंगलवार को नेशनल असेंबली ने इसकी मंजूरी दे दी। अब इस विधेयक को उच्च सदन सीनेट में पेश किया जाएगा।

प्रस्तावित विधेयक में जहां गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को मौत का विकल्प चुनने की मंजूरी दी गई है, वहीं इसके साथ कड़ी शर्तें भी लगाई गई हैं। शर्तों के तहत लाइलाज बीमारी होने पर मरीज को खुद ही जहर लेना होगा, लेकिन अगर वह खुद इस स्थिति में नहीं है कि खुद अपनी जान ले सके तो उस स्थिति में डॉक्टर या नर्स की मदद से व्यक्ति को जहर दिया जा सकेगा। विधेयक के तहत मौत का विकल्प चुनने के लिए मरीज का कम से कम 18 साल का होना जरूरी है। साथ ही उसका फ्रांस का नागरिक होना भी जरूरी है।

मौत का विकल्प चुनने से पहले स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम यह सत्यापित करेगी कि व्यक्ति लाइलाज बीमारी से ग्रस्त है और उसका कोई इलाज नहीं है। साथ ही मरीज असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है। इस सत्यापन के बाद ही मौत चुनने का विकल्प मिलेगा। मानसिक रोगियों को मौत चुनने के विकल्प से बाहर रखा गया है।

प्रस्तावित विधेयक में जहां गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को मौत का विकल्प चुनने की मंजूरी दी गई है, वहीं इसके साथ कड़ी शर्तें भी लगाई गई हैं। शर्तों के तहत लाइलाज बीमारी होने पर मरीज को खुद ही जहर लेना होगा, लेकिन अगर वह खुद इस स्थिति में नहीं है कि खुद अपनी जान ले सके तो उस स्थिति में डॉक्टर या नर्स की मदद से व्यक्ति को जहर दिया जा सकेगा। विधेयक के तहत मौत का विकल्प चुनने के लिए मरीज का कम से कम 18 साल का होना जरूरी है। साथ ही उसका फ्रांस का नागरिक होना भी जरूरी है।

मौत का विकल्प चुनने से पहले स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम यह सत्यापित करेगी कि व्यक्ति लाइलाज बीमारी से ग्रस्त है और उसका कोई इलाज नहीं है। साथ ही मरीज असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है। इस सत्यापन के बाद ही मौत चुनने का विकल्प मिलेगा। मानसिक रोगियों को मौत चुनने के विकल्प से बाहर रखा गया है।

# दो भारतीय शांति रक्षकों को संयुक्त राष्ट्र मरणोपरांत करेगा सम्मानित, मिशन के दौरान दिया सर्वोच्च बलिदान




**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र दो भारतीय शांतिरक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित करेगा। दोनों भारतीय शांतिरक्षक अपने कर्तव्य को निभाने के दौरान बलिदान हो गए थे। यह सम्मान समारोह 29 मई को अंतरराष्ट्री शांति रक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। जिन दो भारतीय शांतिरक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह शामिल हैं।

इन दो भारतीय सैनिकों को मरणोपरांत किया जाएगा सम्मानित ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा, यूएन डिसइंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स और हवलदार संजय सिंह यूएन स्टैबलाइजेशन मिशन, कांगो में तैनात थे। दोनों को मरणोपरांत डैग हैमर्सजोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। भारत संयुक्त राष्ट्र शाति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है। फिलहाल विभिन्न यूएन शांति रक्षक अभियानों में भारत के 5300 सैन्य और पुलिस जवान तैनात हैं। ये सैनिक अबेई, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन ऑफ कांगो, लेबनान, सोमालिया, साउथ सूडान और वेस्टर्न सहारा जैसे देशों में तैनात हैं।

29 मई को होने वाले सम्मान समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस 1948 से अब तक संयुक्त राष्ट्र मिशन में बलिदान हुए 4,400 शांति रक्षकों की याद में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सम्मान समारोह में कुल 57 सैन्य, पुलिस और सामान्य नागरिक शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। ये 57 शांति सैनिक बीते साल विभिन्न यूएन मिशन में बलिदान हुए। बीते साल भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को '2023 यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। 2024 का मिलिट्री जेंडर एडवोकेट सम्मान घाना के स्क्वाड्रन लीडर शैरोन मिनसोटे और यूएन की महिला पुलिस अधिकारी सिएरा लिओन की सुपरीटेंडेंट जैनब गबला को दिया जाएगा।

**साल 1948 से शांति सेना विभिन्न संघर्ष जोन्स में तैनात :** अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस की शुरूआत साल 2002 में की गई थी। यह दिन शांति मिशन के दौरान सेवा करने वाले सैनिकों के सम्मान में मनाया जाता है। साल 1948 में पहली बार पश्चिम एशिया में इस्राइल और अरब देशों के बीच हुए युद्ध में शांति सैनिकों की तैनाती की गई थी। उसके बाद से दुनियाभर में करीब 20 लाख शांति सैनिक 71 ऑपरेशन में सेवाएं दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में 68 हजार महिला और पुरुष सैनिक हैं, जो अफ्रीका, एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया में 11 संघर्ष जोन्स में तैनात हैं। फिलहाल दुनिया के 119 देशों के सैनिक संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में सेवाएं दे रहे हैं।

# गाजा में भूख से बेहाल भीड़ ने सहायता केंद्र पर किया हमला, दावा- इस्राइली गोलीबारी में एक की मौत, 48 घायल



**गाजा।** गाजा में भुखमरी से हालात इस कदर बिगड़ गए हैं कि अब लोगों की भीड़ सहायता केंद्रों पर ही हमला कर रही है। ऐसे ही एक हमले के दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 48 लोग घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। फलस्तीन में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रमुख अजीत संघे ने जिनेवा में मीडिया से बात करते हुए आशंका जताई कि लोगों की भीड़ पर इस्राइली सेना द्वारा गोलीबारी की गई। हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## इस्राइली सहायता केंद्र पर हमले का दावा

मंगलवार को फलस्तीनी लोगों की भारी भीड़ एक नए सहायता वितरण केंद्र पर जमा हुई। यह केंद्र इस्राइल और अमेरिका समर्थित संगठन ने स्थापित किया है। लोगों को जब ये पता चला कि सहायता केंद्र इस्राइल द्वारा स्थापित है तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने तारबंदी को तोड़ दिया। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मौके पर इस्राइली टैंक पहुंचे और इस्राइली हेलीकॉप्टर्स से भी हमला किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग घायल हुए।

यूएन ने दी चेतावनी गाजा के दक्षिणी शहर राफा के बाहर सहायता केंद्र एक दिन पहले ही गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा खोला गया है। इस फाउंडेशन को इस्राइल ने सहायता कामों की देखरेख के लिए गठित किया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र और अन्य मानवाधिकार एजेंसियों ने इन नई व्यवस्था को खारिज कर दिया है और कहा है कि ये नई व्यवस्था गाजा के 23 लाख लोगों की जरूरत को पूरा नहीं कर पाएगी। इन्होंने आरोप लगाया है कि इस्राइल खाने को हथियार की तरह इस्तेमाल करना चाहता है और गाजा की जनसंख्या को नियंत्रित करना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि इससे इस्राइली सैनिकों और गाजा के लोगों में झड़पें हो सकती हैं। इस्राइल द्वारा ब्लॉकेड के बाद गाजा में भुखमरी के हालात हैं और गाजा अकाल के मुहाने पर है।

# महापौर ने 30 मई को होने वाले अहिल्याबाई होल्कर कार्यक्रम को सफल बनाने में झोंकी ताकत

## सभी पार्षद अपने अपने क्षेत्र में कर रहे भरपूर तैयारियां : सुनीता दयाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 30 मई को रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसके क्रम में बुधवार को महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक, कार्यक्रम संयोजक विरेन्द्र त्यागी सहित सभी अधिकारीगणों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया, जिसमें संयुक्त नगर आयुक्त ओमपाल सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार, उद्यान अधिकारी डॉ. अनुज त्यागी, अधिशासी अभियंता के पी आनंद, अधिशासी अभियंता राजेंश मिश्रा, अवर अभियंता आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बड़ी तादात में लोग उपस्थित रहेंगे जिनके आने रुकने और बैठने, साथ ही गर्मी से बचाव की भी व्यवस्था की जाएगी और ऑडिटोरियम के बाहर भी एलईडी लगाई जाएगी व अहिल्याबाई की प्रदर्शनी के साथ नगर निगम द्वारा किये गए प्रोजेक्ट की भी प्रदर्शनी की जाएगी जिससे कार्यक्रम में चार चांद भी लगेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महापौर सुनीता दयाल पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही हैं। पार्षदों, अधिकारियों, समाज के लोग एवं विभिन्न जगह पर बैठक कर लोगों को कार्यक्रम में लाने की तैयारी कर रही हैं।

यहां तक कि उद्घाटन के दौरान भी लोगों को कार्यक्रम की सूचना दे रही हैं जिससे कार्यक्रम सफल बनाया जा सके और इसी प्रकार सभी पार्षद भी अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं।

# संपत्ति कर वृद्धि के संबंध में विधायक अजीत पाल त्यागी को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संपत्ति कर नियमवली 2000 यथा संशोधित एवं नगर निगम अधिनियम 1959 की सुसंगत धाराओं के विपरीत जाकर है। हठपूर्वक संपत्ति करों में 3 से 5 गुना तक वृद्धि कर के नोटिस एवं बिल देने के संबंध में महानगर अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान के नेतृत्व में विधायक अजीत पाल त्यागी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आवासीय एवं व्यवसायिक कर टैक्स 3 से 5 गुना तक वृद्धि करते हुए बल एवं नोटिस दिया जा रहा है। किसी- किसी क्षेत्र में व्यवसायिक कर 10 गुना तक भी बढ़कर दिया गया है। यह गाजियाबाद के नागरिकों के साथ अन्याय है इसलिए आपसे अनुरोध है कि डीएम सर्किल रेट के आधार पर टैक्स नहीं लगाया जाए।



## कुछ बिंदुओं पर आपको अवगत कराना चाहते हैं जो इस प्रकार है :

1 ). नगर निगम अधिनियम की धारा 174 (ख) के अनुसार प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार ही संपत्ति कर टैक्स में वृद्धि की जा सकती है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वर्ष 2023-2024 में संपत्ति कर टैक्स की वर्तमान दरों में 10% की वृद्धि की जा चुकी है। जो वर्ष 2024 2025 अंतर्गत 31.3.2025 तक लागू है।

2). गाजियाबाद नगर निगम में वर्तमान में जिन किराया की दरों पर संपत्ति करो की दरें लागू है। उन्हें 3 से 5 गुना तक एक साथ बढ़ाना किसी भी तरह से उचित प्रतीत नहीं होता है। इससे गाजियाबाद की जनता में असंतोष एवं गुस्सा है और सरकार की बदनामी भी हो रही है।

3). गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी अपनी संपत्तियों जैसे रामतेराम रोड शॉपिंग कंपलेक्स और नेहरू नगर में बनाए गए ऑडिटोरियम को कई वर्ष बीतने के बाद भी अपनी इन संपत्तियों को डीएम सर्किल रेट आधारित किराए पर नहीं उठा पाए हैं तो आम नागरिकों पर 3 से 5 गुना तक वृद्धि करना न्याय संगत नहीं है।

4). उपरोक्त कथनों में देखते हुए यह मानने को पर्याप्त आधार है कि आम नागरिकों पर नियम विरुद्ध जाकर संपत्ति करो में वृद्धि डीएम सर्किल रेट आधारित किराए की दरों पर नहीं होना चाहिए। वर्तमान लागू संपत्ति करो को 3 से 5 गुना तक बढ़ाया जाना किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नहीं है। इसलिए संपत्ति करो में जायज वृद्धि के लिए धारा 174(ख) में डीएम सर्किल रेट आधार को छोड़कर अन्य दो विकल्पों के आधार पर संपत्ति करो में वृद्धि के प्रस्ताव तैयार करके, नियम अनुसार प्रक्रिया पूरी करके, सदन की स्वीकृति, अनुमति लेकर ही संपत्ति करो में वृद्धि किया जानी तर्कसंगत होगी।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आप व्यापक जनहित में इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने की कृपा करेंगे। इस अवसर पर चेयरमैन बृजमोहन सिंगल, अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजदेव त्यागी, उपाध्यक्ष सुनील गोयल, युवा कोषध्यक्ष अमित मैदान, संजय नगर व्यापार मंडल के चैयरमेन प्रदीप गर्ग, अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा त्यागी, पूर्व कोषध्यक्ष बबलू सिंह, दीपक त्यागी, शास्त्री नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन कुंवर पाल अध्यक्ष सुधीर चौधरी मौजूद रहे।

# बालकिशन गुप्ता को मिला बेस्ट सपोर्टिंग लायन का अवार्ड






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार में गाजियाबाद के समाजसेवी भाजपा नेता, रेलवे बोर्ड सदस्य तथा राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता बालू भाई को फाइव स्टार होटल हयात में शानदार समारोह में बेस्ट सपोर्टिंग लायन के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंटरनेशनल लायन मल्टीपल काउंसलिंग के अध्यक्ष लायन पंकज, बिजवान इंटरनेशनल डायरेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान एवं विनय मित्तल तथा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। संदीप कुमार के परिवार में नई कार का आगमन हुआ है। कार की इस खुशी को पूरे परिवार ने सोशल मीडिया पर साझा किया। शुभचिंतकों समर्थकों ने बधाई और शुभकामनाओं के साथ-साथ अपनी भावनाओं को प्रकट किया। संदीप कुमार ने अपनी नई कार की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

